आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 14.01.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

- उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने फसल कटाई के त्यौहार–मकर संक्रांति और पोंगल के अवसर पर, द्वीपवासियों को अपनी शुभकामनाएं दी है।
- सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस के अवसर पर, उपराज्यपाल ने द्वीप समूह के पूर्व सैनिकों को अपनी श्रद्धांजलि दी है– यह दिवस कमांडर–इन–चीफ, फील्ड मार्शल के.एम. करियप्पा के सम्मान में मनाया जाता है।
- राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर शहीद द्वीप में सप्ताह भर चलने वाले विवेकानंद मेले का आयोजन किया जा रहा है।
- कला एवं संस्कृति विभाग की ओर से आज से नौ दिवसीय अंडमान निकोबार पुस्तक मेला का आयोजन किया जा रहा है।

<><><><><><><>

द्वीपों के उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने मकर संक्रांति और पोंगल के अवसर पर, द्वीपवासियों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए अपने संदेश में कहा कि फसल कटाई के ये त्योहार ऋतुओं के शुभ परिवर्तन के प्रतीक हैं और समृद्धि, नवीनीकरण तथा प्रकृति की प्रचुरता के प्रति कृतज्ञता को दर्शाते हैं। ये त्योहार हमें भाईचारे, करुणा और सामाजिक समरसता को मजबूत करने की हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता को दोहराने के लिए प्रेरित करते हैं। सांसद बिष्णु पद रे ने मकर संक्रांति और पोंगल के पावन अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह फसल उत्सव हमें प्रकृति के प्रति कृतज्ञता, हमारे किसानों के परिश्रम और एकता, समृद्धि तथा नवीनीकरण की भावना की याद दिलाते हैं। भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष अनिल कुमार तिवारी ने शांति, उत्तम स्वास्थ्य, सुख–समृद्धि की कामना की है। दक्षिण अंडमान जिला परिषद अध्यक्ष प्रकाश अधिकारी ने भी मकर संक्रांति के अवसर पर समस्त द्वीपवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं।

<><><><><><><>

उपराज्यपाल एडमिरल डीके जोशी ने मकर संक्रांति, माघ बिहू और पोंगल के अवसर पर आज प्रशासन के अंतर्गत आने वाले सभी सरकारी कार्यालयों, स्वायत्त निकायों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और शैक्षणिक संस्थानों में अवकाश की घोषणा की है।

<><><><><><><>

सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस के अवसर पर, उपराज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने द्वीप समूह के पूर्व सैनिकों को अपनी श्रद्धांजलि दी है। उन्होंने कहा कि यह दिवस हर साल सशस्त्र बलों के पहले कमांडर–इन–चीफ, फील्ड मार्शल के.एम. करियप्पा के सेवाओं के सम्मान में मनाया जाता है। उप–राज्यपाल ने कहा कि यह दिन हमारे सशस्त्र बलों के दिग्गजों के असाधारण साहस, अनुशासन और निस्वार्थ सेवा का सम्मान करता है। उन्होंने बताया कि अंडमान निकोबार कमान द्वारा द्वीपों में पूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए सराहनीय पहल की गई है। यह पहल उनके समग्र कल्याण, स्वास्थ्य देखभाल और शिकायतों के समय पर निवारण पर केंद्रित है।

<><><><><><><>

पूरे देश के साथ द्वीप समूह में भी आज से तीस जनवरी, तक "पशु कल्याण पखवाड़ा" मनाया जाएगा। इस अवसर पर उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने अपने संदेश में कहा कि यह महत्वपूर्ण पहल सभी जानवरों के प्रति दया, सम्मान और सार्वजनिक जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एक जिम्मेदार समाज के रूप में, हम यह सुनिश्चित करें कि जानवरों को मानवीय लाभ के लिए शोषण या क्रूरता का शिकार न बनाया जाए। उनकी देखभाल व सुरक्षा के प्रति हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। उपराज्यपाल ने कहा कि इस पशु कल्याण पखवाड़े के दौरान, सबको मिलकर एक दयालु और करुणामय समाज का निर्माण करना चाहिए।

<><><><><><><>

स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर शहीद द्वीप में सप्ताह भर चलने वाले विवेकानंद मेले का कल शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में अंडमान लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता प्रजीत रेख मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने अपने संबोधन में शहीद द्वीप में विभाग द्वारा किए गए महत्वपूर्ण विकासात्मक कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने विकास को बनाए रखने और द्वीपों की अनूठी विरासत को संरक्षित करने में युवाओं की भागीदारी के महत्व पर जोर दिया।

कार्यक्रम में क्षेत्र के पंचायत प्रधान, प्रातरापुर पंचायत समिति प्रमुख, पंचायती राज संस्थान के सदस्य, प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी और स्थानीय निवासी व पर्यटक शामिल हुए। इस मेले में विकासात्मक पहलों और जन जागरूकता गतिविधियों का प्रदर्शन किया गया। प्रशासन के विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए। स्कूली छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीप समूह के निर्वाचन आयोग ने पंचायत सदस्यों और वार्ड पार्षदों के सीटों को भरने के लिए आठ फरवरी को उप–चुनाव कराने की घोषणा की है। जिसमें श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद का वार्ड नंबर सत्रह के लिए वार्ड पार्षद का चुनाव कराया जाएगा। इसके अलावा फरारगंज तहसील के अंतर्गत ग्राम पंचायत मन्नारघाट का मन्नारघाट–4, ग्राम पंचायत होप टाउन का बम्बूफ्लाट–1, डिगलीपुर तहसील के अंतर्गत मधुपुर–6, मायाबंदर तहसील के अंतर्गत हरिनगर–01, रंगत तहसील के अंतर्गत बकुलतला–3, और मायाबंदर में जिला परिषद सदस्य के खाली पड़े सीटों के लिए चुनाव कराया जाएगा।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के कैडेटों सहित देश भर के सत्रह एनसीसी निदेशालयों से एक सौ अस्सी एनसीसी कैडेटों का एक समूह 'विशेष राष्ट्रीय एकता शिविर' में भाग लेने के लिए द्वीपसमूह के दौरे पर आया है। यह शिविर सैन्य स्टेशन ब्रिचगंज में बाईस जनवरी तक जारी रहेगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य कैडेटों में जागरूकता, अनुशासन और राष्ट्रीय एकता की भावना को बढ़ाना है। इस अवसर पर सैन्य स्टेशन ब्रिचगंज के 'लीकाबली ऑडिटोरियम' में कैंप कमांडर कर्नल हरितेजा ने कैडेटों को संबोधित किया। इस अवसर पर आर्मी इकाई के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल के.वाई. सिंह और नौसेना इकाई के कमांडिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट कमांडर रियाज फारूक भी उपस्थित थे। जेएनआरएम के एएनओ लेफ्टिनेंट डॉ. विवेक कुमार साहू ने द्वीपों के इतिहास, रणनीतिक महत्व, संस्कृति, जैव विविधता और भौगोलिक महत्व पर प्रस्तुति दी। इस अवसर पर पर कैडेटों के दस्तावेजीकरण शिविर भी आयोजित किया गया।

<><><><><><><>

कला एवं संस्कृति विभाग की ओर से नौ दिवसीय अंडमान निकोबार पुस्तक मेला का आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, नई दिल्ली के सहयोग से आज से बाईस फरवरी, तक प्रदर्शनी मैदान में आयोजित होगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं और छात्रों के बीच साहित्यिक संस्कृति को बढ़ावा देना है।

यह पुस्तक मेला न केवल सभी उम्र के पाठकों को लाभान्वित करेगा, बल्कि प्रकाशन गृहों और लेखकों के लिए भी जनता से जुड़ने का एक अवसर प्रदान करेगा। इस पुस्तक मेले में मुख्य भूमि के विभिन्न प्रकाशकों की पुस्तकों के कई स्टाल होंगे, जो विविध विधाओं और लेखकों का संग्रह पेश करेंगे। इस आयोजन में मुख्य भूमि के प्रसिद्ध लेखक भाग लेंगे, जो पुस्तक हस्ताक्षर, आदान–प्रदान सत्रों और अन्य गतिविधियों के माध्यम से प्रतिभागियों के साथ जुड़ेंगे।

<><><><><><><>

प्रशासनिक कारणों से, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत जनरल ड्यूटी मेडिकल ऑफिसर (एलोपैथी) और जनरल ड्यूटी मेडिकल ऑफिसर (एलोपैथी– टेली मेडिसिन) के पदों के लिए आज होने वाले साक्षात्कार, तथा जनरल ड्यूटी मेडिकल ऑफिसर (होम्योपैथी) और शिकायत निवारण–सह–आईईसी प्रबंधक के पदों के लिए कल होने वाले साक्षात्कार, को स्थगित किया गया है। अब यह साक्षात्कार बाईस और तेईस जनवरी को आयोजित किया जाएगा।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह में मकर संक्रांति का पर्व कल मनाया जाएगा। इस अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद् की ओर से कार्बाइंस कोव तट पर अर्घ्य अर्पण, पूजा, हवन, भजन–कीर्तन तथा महाभोग प्रसाद की व्यवस्था की जाएगी।

<><><><><><><>

श्री श्री हरिनाम सेवा संघ द्वारा आगामी सोलह जनवरी से बीस जनवरी तक राधा गोविंद मंदिर, जोड़ा किलान, नेताजी नगर में वार्षिक श्रीमद्भागवत कथा एवं महामंत्र संकीर्तन यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। आयोजन के दौरान सभी श्रद्धालुओं के ठहरने की व्यवस्था मंदिर समिति द्वारा की गई है। यह कार्यक्रम सोलह जनवरी से दिन–रात निरंतर चलेगा।

<><><><><><><>